# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 02.06.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 03 भूमि विवाद, 03 मारपीट तथा शेष 09 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से चोरी करने के आरोपी को 02 वर्ष 06 माह की अवधि के कारावास व ₹2000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे दिनांक 01.06.2026 को वाद सं0-31023/23 मु0अ0सं0-174/2023 धारा 379,411 भादवि थाना सिद्धार्थनगर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर पीठासीन न्यायाधीश श्री अनुभव कटियार, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अजय सिंह पुत्र अम्बिका सिंह निवासी भरथुआ थाना मेंहदावल जनपद सन्तकबीरनगर को धारा 379 भादवि में 02 वर्ष 06 माह की अवधि के कारावास व ₹1000/- तथा धारा 411 भादवि में 02 वर्ष 06 माह की अवधि के कारावास व ₹1000/- अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक जयहिंद त्रिपाठी तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी दुर्गेश थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 02.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ डीआईजी बस्ती व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अम्बेडकर सभागार विकास भवन में यूनिसेफ के सहयोग से "बहू-बेटी सम्मेलन" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

**◆ पुलिस कर्मियों को महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 02.06.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर श्री शिवशरणप्पा जीएन. के साथ अम्बेडकर सभागार विकासभवन में यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित बहू-बेटी सम्मेलन पर एक दिवसीय जिलास्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डीआईजी बस्ती महोदय द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, लैंगिक आधारित हिंसा एवं अन्य सामाजिक जोखिमों से संबंधित मामलों में पुलिस द्वारा संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करने, ऐसे मामलों में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल विधिक कार्यवाही करते हुए पीड़ितों को समुचित सहायता एवं सुरक्षा प्रदान करने, साथ ही महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बरो एवं अन्य सुरक्षा तंत्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा नियमित रूप से जनसंवाद एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर संवेदनशील मामलों का प्रभावी निस्तारण कर समाज में महिलाओं एवं बच्चों के प्रति सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर श्री शिवशरणप्पा जी.एन. ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के संबंध में यूनिसेफ द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के विश्लेषण एवं डेटा आधारित प्रस्तुतीकरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर एक आकांक्षी जनपद है तथा नीति आयोग के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक संकेतकों में सुधार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की आधारशिला बालिकाओं की शिक्षा है। यदि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर तथा सुरक्षित एवं सहयोगात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाए, तो वे आत्मनिर्भर एवं सशक्त नागरिक के रूप में विकसित हो सकती हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि परिवार, समुदाय एवं संस्थाओं की साझा जिम्मेदारी है कि वे बालिकाओं के लिए ऐसा वातावरण सुनिश्चित करें, जिसमें वे स्वयं को सुरक्षित महसूस करें और अपनी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ सकें।

डॉ. अभिषेक महाजन ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के संदर्भ में यूनिसेफ द्वारा किए गए शोध, डेटा विश्लेषण तथा प्रशिक्षण मॉड्यूल के विकास की सराहना करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी पहल बताया।

उन्होंने गोरखपुर जोन के पुलिस महानिदेशक श्री मुथा अशोक जैन की दूरदर्शी सोच एवं नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी अवधारणा के अनुरूप “बहू–बेटी सम्मेलन” पहल को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तथा अन्य आवश्यक पत्राचार जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी पुलिस थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं तथा वे महिलाओं एवं बालिकाओं को सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला की विशेषता यह है कि इसमें केवल पुलिस विभाग ही नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए बहु-विभागीय समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस प्रयास को अत्यंत सराहनीय एवं प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि बहू–बेटी सम्मेलन पहल के सफल क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवेदनशील एवं विश्वासपूर्ण संवाद स्थापित किया जाए। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में मौजूद विभिन्न अधिकारियों द्वारा इस विषय पर अपने-अपने मत रखे गये।

इस अवसर पर वरिष्ठ अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारीगण, श्री महर्षि अग्निहोत्री, राज्य सलाहकार, यूनिसेफ, सुश्री पल्लवी राय, राज्य सलाहकार, यूनिसेफ थाना प्रभारी, समस्त मिशन शक्ति प्रभारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा हत्या के आरोप में वांछित 01 नफर अभियुक्ता को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में , बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में ओम प्रकाश मिश्र थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार मय टीम द्वारा दिनांक 19.05.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-37/26धारा115(2), 351(3), 352 , 103(1), 191(2),BNS से सम्बंधित वांछित अभियुक्ता को आज दिनांक 02.06.2026 को जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण -**

01.सरोज पत्नी सूर्यनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम बनगवा पड़ाइन थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 ओम प्रकाश मिश्र थानाअध्यक्ष पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

02.का0 पप्पू यादव थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

03.रि0का0 संदीप कुमार सिंह थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

04.का0 अनुपम मौर्या थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

05.म0क0 ममता मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 02.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से छेड़खानी के आरोपी को 03 वर्ष के साधारण कारावास व ₹9,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 02.06.2026 को वाद सं0-792/2020 मु0अ0सं0-215/2020 धारा 354(क), 452,323,504,506 भा0द0वि0 व 3(1)द,ध, 3(2)Va SC/ST Act. थाना सिद्धार्थनगर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/स्पे0 एससी/एसटी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अब्दुल जहीर पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी खजुरिया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 323,452,354 भादवि व 3(2)Va SC/ST Act. में 03 वर्ष के साधारण कारावास व ₹ 9,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक संतोष मिश्रा तथा आरक्षी अर्जुन थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 02.06.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/ पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 02.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा साइबर सेल/सर्विलांस सेल के सहयोग से गायब हुये मोबाइल को बरामद कर, विधिक कार्यवाही पूर्णकर आवेदक को सुपुर्द किया गया**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी एवं थानाध्यक्ष अभय सिंह थाना जोगिया उदयपुर के नेतृत्व में आज दिनांक 02.06.2026 को आवेदक सुग्रीव कुमार पुत्र अनुरागी साकिन लखनापार थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा थाना स्थानीय पर मोबाइल गुम होनें की सूचना दर्ज कराया गया था। थाना स्थानीय के साइबर सेल/सर्विलांस सेल के सहयोग से गायब हुये मोबाईल को बरामद कर, विधिक कार्यवाही पूर्णकर आवेदक को सुपुर्द किया गया। जिसपर आवेदक के द्वारा थाना जोगिया उदयपुर पुलिस एवं सिद्धार्थनगर पुलिस को धन्यवाद प्रकट किया गया।